हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 25 मार्च 2024
[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

06 शताधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन, आज खेली...



07 आदर्श सत्संग महिला मंडल का फागोत्सव



## खबर संक्षेप

### आज शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने आज शराब दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं।
आज शाम 4 बजे तक जिले की सभी शरब दुकाने बंद रहेंगी। मदिरा का क्रय विक्रय, परिवहन मदिरापान को प्रतिबंधित करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों व वाइनशॉप संचालकों को दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी भी दुकान पर अवैध तरीके से शराब बिकती पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बचपन प्ले स्कूल में मना होली का त्यौहार



**विदिशा।** शास्त्रीनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में बच्चों ने एक दूसरे को अपने-अपने पसंदीदा रंग लगाकर रंगों का त्योहार मनाया। स्कूल के द्वारा बच्चों के लिए चॉकलेट्स, कुकीज, बलूंस, केक, पिचकारी और रंगों की खास व्यवस्था की गई। गीत-संगीत, मस्ती और धमाल के बीच पारंपरिक तरीके से बच्चों ने होली खेली और होली के महत्व को भी जाना। होली के इस उत्सव को मनाने के लिए बच्चे ख़ासा उत्साहित दिखे। इस अवसर पर डायरेक्टर अंजली श्रीवास्तव एवं अभिनय वर्मा, स्कूल की समस्त शिक्षिकाएं व स्टाफ उपस्थित रहा।

### गतिविधियों से मतदाताओं को कर रहे जागरुक

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग अलग प्रकार से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में दीवार लेखन किया जा रहा है। शत प्रतिशत मतदान के लिए घर घर जाकर संपर्क, दीवाल लेखन, मतदाता जागरूकता रैली, शपथ, रंगोली के माध्यम से जागरूकता बाहर रहने वाले मतदाताओं से संपर्क करने की रणनीति भी तय की जा रही है। मतदाताओं को शपथ दिलाई जा रही है कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र मे अपनी पूर्ण आस्था प्रकट करते हुए यह शपथ लेते है कि अपने देश को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## रंगों का त्योहार आज: शहर में करीब 200 स्थानों पर होलिका दहन किया गया

होली के त्योहार में रंग में भंग डालने वाले असामाजिक तत्वों की निगरानी और धरपकड़ के लिए पुलिस मुस्तैद हो गई है। यदि किसी ने भी होली के पर्व पर शांति भंग करने या लड़ाई झगड़े करने का प्रयास किया तो उसे तुरंत पुलिस दबोच लेगी।



# चौक-चौराहों पर पुलिस बल रहेगा तैनात असामाजिक तत्वों को तुरंत दबोचा जाएगा

- वार्ड मोहल्लों में भी भ्रमण कर नजर रखेगी पुलिस।
- दोनों थानों के बल के साथ एसएएफ के जवान भी तैनात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार रात को नगर के प्रत्येक वार्ड और कॉलोनियों सहित चौक चौराहों पर होलिका दहन किया गया। खास बात यह रही की ज्यादातर स्थानों पर लकड़ी और कंडों से होलिका का निर्माण कर होलिका दहन हुआ। नगर की पॉश कॉलोनियों में लाइटिंग की गई। होली के पारंपरिक गीतों के साथ होलिका दहन हुआ। आज सोमवार को होली खेली जाएगी। होली के रंग में कुछ आसामाजिक तत्व उडदंग करते हैं। जिसको लेकर पुलिस रविवार रात से ही मुस्तैद नजर आई। होली के त्योहार में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पुलिस जवानों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। होली को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कोतवाली, सिविल लाइन व एसएएफ को भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल किया गया है। एएसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल कुमार सिंह ने सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाले सावधानी के बारे में किया निर्देशित किया। सुरक्षा के लिहाज से चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी। पुलिस दिनभर वार्ड मोहल्लों में घूमकर आसामाजिक तत्वों पर नजर रखेगी और रंग में भंग डालने वाले आसमाजिक तत्वों को तुरंत दबोच लिया जाएगा।



**विदिशा।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पारंपरिक रूप से होलिका दहन हुआ।

### मूर्खाधिराज बनकर निकलेंगे पूर्व वित्तमंत्री

आज सुबह 9 बजे माधवगंज से मुर्खाधिराज की सवारी निकाली जाएगी। आदर्श होली उत्सव समिति के इस आयोजन में पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई मूर्खाधिराज बनकर हुरियारों के साथ निकलेंगे। पूर्व वित्तमंत्री कई साल से हुरियारों के जलूस के साथ मूर्खाधिराज बनकर शहर में निकलते हैं और लोगों को रंग लगाकर होली की बधाई दी जाती है। शहर के बाजार में हुरियारों का जुलूस कई सालों से पारंपरिक तरीके से निकाल रहा है। इस आयोजन में जुलूस माधवगंज से तिलक चौक होता हुआ निकलता है।

# उत्तरप्रदेश पुलिस ने पकड़ा विदिशा में 11 तौला सोना चोरी करने वाला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किले अंदर निवासी साधना आचार्य के घर 23 जुलाई 2023 को हुई 11 तौला सोने की चोरी के मामले में उत्तरप्रदेश पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। किलेअंदर निवासी साधना आचार्य के साथ यह वारदात हुई थी। वह किलेअंदर स्थित शिव मंदिर से अपने घर जा रहीं थी।

रास्ते में आरोपी रोशन अली पिता मोहम्मद रफी निवासी रायबरेली उत्तरप्रदेश ने उन्हे बातों में ले लिया। वह चोर की बातों में आ गईं। इसके बाद आरोपी के दो अन्य साथी महिला के साथ घर पहुंचे और 11 तौला सोना चोरी कर ले गए। फरियादिया साधना आचार्य ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस तो इस चोरी का सुराग नहीं लगा सकी, लेकिन आरोपी रोशन अली पिता मोहम्मद रफी निवासी रायबरेली उत्तरप्रदेश छिंदवाड़ा की एक चोरी के मामले में पकड़ा गया। वहां की पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने किलेअंदर निवासी साधना आचार्य के घर भी चोरी करना कुबूल किया।

उत्तरप्रदेश पुलिस ने एक आरोपी रोशन अली पिता मोहम्मद रफी निवासी रायबरेली से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ घटना को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी रोशन अली का पुलिस रिमांड लेकर उससे पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है। जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

# छाए बादल: मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आसमान में मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिला रहा है। आसमान में बादल छाए रहने से धूप नहीं निकली। वहीं मौसम विभाग ने दो दिन तक ऐसे मौसम बने रहने की संभावना जताई है।

जिले में कहीं हल्की बूंदाबांदी का अंदेशा जताया है। विदिशा में एक पखवाड़े से मौसम खुला रहने से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही थी। सूरज की तेज तपिश गर्मी का एहसास करा रही थी।

उच्चतम और न्यूनतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जहां उच्चतम तापमान 35 से 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। मौसम विभाग ने तीन दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान जिले में कहीं-कही हल्की बूंदाबांदी और बिजली गिर सकती है।

# विदिशा सहित अशोकनगर जिले के कलेक्टर एसपी ने भी देखीं करीला मेले की व्यवस्थाएं

## करीला मेला में कोई खलल नहीं होने देंगे: विदिशा कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

होली रंगपंचमी पावन पर्व पर करीला में होने वाले मेले में लाखों श्रद्धालुजन मां जानकी मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन के लिए शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना न करना पड़े इसके लिए विदिशा व अशोकनगर जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया गया है।

दो जिले विदिशा व अशोकनगर की सीमा पर स्थित माता जानकी लवकुश मंदिर करीला में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के इंतजाम देखे गये। जिसके तहत स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल आपूर्ति, बिजली की आपूर्ति, परिवहन, पार्किंग के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध, फायर बिग्रेड, वॉलिंटियर्स, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केन्द्र के साथ-साथ अन्य प्रबंधों पर विचार विमर्श किया गया। विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा अशोकनगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं एसपी विनीत कुमार जैन सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा मेला के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधों का जायजा लिया। वहीं विदिशा जिले के तरफ से आने वाले वाहन पार्किंग के लिए स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। खुले मैदान में बनाए गए पार्किंग स्थलों तक वाहनों के आने जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए अस्थायी स्लोप भी बनाए गए है। सम्पूर्ण मेला अवधि तक यातायात में किसी भी प्रकार के अवरोध न इसके लिए वन वे भी किया गया है। विभिन्न स्थलों पर सूचना पटल भी लगाए गए है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



**विदिशा।** दोनों जिलों के कलेक्टर एसपी ने मौके पर पहुंचकर देखीं व्यवस्थाएं।

### बायपास निर्माण में मनमानी को लेकर पूर्व सीएम से मिले प्रभावित

**विदिशा।** बायपास पर फोर लाइन और ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। रविवार को प्रभावित लोग पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से मिले और पूरी बात बताई। पूर्व सीएम को बताया गया की रोड बनाया जा रहा है वह नियम अनुसार नहीं है। पूर्व में राजस्व विभाग के द्वारा नपती कर निशान लगाए गए थे उन निशानों से कहीं अधिक जमीन पर सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिससे कई प्लाट धारी और किसान प्रभावित हो रहे हैं। मांग की गई है कि पूर्व में जो निशान लगाए गए थे और जो नक्शा राजस्व विभाग के द्वारा दिया गया उसके अनुरूप ही सड़क बनना चाहिए। क्योंकि उसी अनुसार जमीन अधिग्रहण की गई थी। अब जो जमीन पर निर्माण किया जा रहा है उस पर अधिग्रहण की कार्रवाई नहीं की गई है और न ही प्रभावितों को किसी प्रकार का पत्र देकर अवगत कराया गया। इसे शीघ्र रोका जाना चाहिए। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। प्रभावितों में श्याम सुंदर शर्मा, राजेश जैन, तेजिंदर सिंह बन्नू, नीरज मेहरा, विनीत दांगी, संतोष रघुवंशी, कृष्ण बिहारी शर्मा, देवेंद्र धाकड़, महेंद्र सिंह किरार, मोनू दुबे, अखिल वीर पांडे, दुर्गा प्रसाद साहू सहित कई शामिल हैं।

## शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर मातृभूमि युवा परिषद ने कवि सम्मेलन आयोजित किया

# कवियों ने जोश भरा, तो जयप्रकाश मंच पर लगे जय श्रीराम के जयकारे

- कवियों को सुनने के लिए देर रात तक डटे रहे श्रोतागण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर मातृभूमि युवा परिषद ने कवि सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। श्रोता भी देश भक्ति की कविताओं पर कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

कवि सम्मेलन में प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी और विधायक मुकेश टंडन शामिल हुए। सम्मेलन की शुरुआत संस्कृति मंत्री द्वारा शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण से की गई। इस मौके पर मंत्री लोधी ने मातृभूमि युवा परिषद के इस प्रयास और आयोजन की सराहना करते हुए शहीदों को याद किया। कवि सम्मेलन में कवियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए। देश भक्ति की कविताओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं में जोश भर दिया। कवि सम्मेलन में राम भदावर, अमित शर्मा, नीलोत्पल मृणाल, मनु वैशाली तथा सुमित सिंह ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवियों ने राममंदिर व देशभक्ति की कविताओं के माध्यम से श्रोताओं में देशभक्ति की भावना जगाई।



**विदिशा।** माधवगंज पर हुए कवि सम्मेलन में देर रात तक श्रोता मौजूद रहे।

# भक्ति ही ऐसा मार्ग है जिससे साक्षात प्रभु को पाया जा सकता है: मुनि आदिश सागर

## किरी मोहल्ला स्थित श्री महावीर जिनालय में मुनिश्री ने व्यक्त किए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भक्ति का मार्ग ही ऐसा मार्ग है जिससे साक्षात प्रभु को पाया जा सकता है।

यह बात उपाध्याय मुनि आदिश सागर महाराज ने रविवार को किरी मोहल्ला स्थित महावीर जिनालय में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों का तो पुण्य योग है ही साथ ही साथ मेरा भी पुण्य है कि आप लोगों के साथ प्रभु भक्ति में शामिल हुआ। उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मोक्षमार्ग में सम्यक दर्शन का विशेष महत्व है। अष्टान्हिका महापर्व में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान कर सिद्धप्रभु की आराधना कर शातिशय पुण्य अर्जित कर रहे है और उसी पुण्य का प्रभाव से में स्वतः खिंचा चला आया। श्री सकल दि. जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया किरी मोहल्ला स्थित महावीर जिनालय में 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन बाल अनूप भैया एवं केके जैन के निर्देशन में चल रहा है। विधान के अंतिम दिवस भक्ति भाव के साथ 1024 अर्घ समर्पित किए गए। अहमदाबाद गुजरात से चातुर्मास संपन्न कर श्री सम्मेदशिखर जी की ओर विहार कर रहे 108 उपाध्याय मुनि आदिश सागर महाराज का विदिशा आगमन और अचानक विधान में सानिध्य होना भगवान की भक्ति का ही प्रभाव है। मुनि श्री का प्रातःकाल 8 बजे मंगल आगमन भोपाल रोड़ से विदिशा नगर में हुआ है।



## खेल जगत: कुशा भाऊ ठाकरे खेल परिसर में रविवार को 18 मैच खेले गए

# हैंडबॉल प्रतियोगिता: केरल और छत्तीसगढ़ की टीम 2 मुकाबले जीतकर तीसरे राउंड में पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुशाभाऊ ठाकरे खेल स्टेडियम में चल रही राष्ट्रीय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में रविवार को 18 मैच खेले गए। केरल और छत्तीसगढ़ की टीम दो दो मुकाबले जीतकर तीसरे राउंड में पहुंच चुकी हैं। वहीं त्रिपुरा, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, मप्र, बिहार और यूपी ने एक-एक मुकाबला जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया।

केरला और छत्तीसगढ़ की टीमों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। खेल प्रतियोगिता उत्कृष्ट विद्यालय कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में आयोजित की गई है। रविवार को लीग मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच दादर नगर हवेली बनाम केरल के बीच खेला गया। इसमें केरला ने 14- 15 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच छत्तीसगढ़ और राजस्थान के बीच हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ ने 13- 2 के स्कोर से यह मैच अपने नाम किया। तीसरा मुकाबला त्रिपुरा बनाम असम के मध्य खेला गया। जिसमें असम ने 21- 14 से यह मैच अपने नाम किया। वहीं चौथा मुकाबला महाराष्ट्र गुजरात के मध्य खेला गया 21 - 17 से महाराष्ट्र ने यह मैच अपने नाम किया। जम्मू कश्मीर बनाम वेस्ट बंगाल के बीच हुए मुकाबले में 21- 5 के स्कोर से जम्मू कश्मीर ने मैच जीता।

दिल्ली बनाम उत्तराखंड के बीच हुए मैच में दिल्ली ने 28- 19 के स्कोर से मैच अपने नाम किया। हरियाणा और मुंबई हैंडबॉल अकादमी के मध्य खेले गए मैच में हरियाणा ने 28- 13 से मैच अपने नाम किया। वहीं मप्र ने दमन एंड दीव को 15 - 8 के स्कोर से हराकर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता के दौरान जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष संदीप सिंह डोंगर, उत्कृष्ट विद्यालय के खेल शिक्षक प्रशांत रघुवंशी, पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव, संजय ठाकुर, अंबेश सोनी, हमें तो माझी, प्रिया बमोरिया आदि मौजूद रहे।




**विदिशा।** देश के कई राज्यों से विदिशा आकर इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं खिलाड़ी।

## खबर संक्षेप

### राजपूत समाज का होली मिलन आज

**गंज बासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजपूत समाज का होली मिलन समारोह सोमवार को सुबह 9 बजे से श्री महाराणा प्रताप भवन जग्गा मंदिर के पास वेदनखेड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम पश्चात सभी सरदार अनरय वाले परिवारों में होली मनाने जाएंगे।

### चौरसिया को जिला उपाध्यक्ष बनने पर बधाई



**गंजबासौदा।** कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ की जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में युवा मजदूर नेता प्रमोद चौरसिया को कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला विदिशा के उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले के अनेक किसानों एवं खेतिहर मजदूरों मे हर्ष व्याप्त है। उन्होंने चौरसिया को शुभकामनाएं देते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह एवं विभाग प्रमुख महेन्द्र के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## नगर के चौक-चौराहों पर लगी रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानें

# शताधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन, आज खेली जाएगी होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रविवार की रात्रि को नगर में शताधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ। पंडित केशव गुरु शास्त्री ने बताया कि रविवार को रात्रि 10.55 से 12.30 बजे तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। सोमवार को धुरेड़ी एवं बुधवार को दूज पर्व मनाया जाएगा। वहीं सोमवार को सदर बाजार में तीन सौ वर्ष पुरानी परंपरा अनरय की पंचायत का आयोजन भी होगा। इस बार बोर्ड परीक्षाएं संपन्न हो गई हैं। बच्चे भी होली के त्यौहार का इंतज़ार लंबे समय से कर रहे थे। होली का उत्साह बच्चों के सर चढ़कर बोल रहा है। होली का त्योहार सभी लोग बड़ी धूम धाम से मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। त्योहार को लेकर बाजार में रंग, गुलाल और पिचकारी की दुकानें सजी हैं। बच्चों ने भी रंग बिरंगी पिचकारियां बाजार से खरीदना शुरू कर दी हैं। नगर में 100 से अधिक स्थानों पर युवाओं और बच्चों द्वारा होली के डांडे लगाए थे। जहां रात में लोगों ने होलिका की पूजन अर्चन कर प्रसादी वितरण कर होलिका दहन कर होली उत्सव मनाया।

उधर रंग पंचमी के जुलूस को लेकर नगर पालिका की तैयारी चल रही हैं। 30 मार्च को रंग पंचमी पर शहर में हुरियारों का जुलूस सुबह गांधी चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर निकाला जाएगा। इस बार पंचमी पर पहले जिस तरह से रंगों का जुलूस निकलता था। उसी तरह से इस साल भी जुलूस निकाले जाने की तैयारी की जा रही है। जिससे की रंगों का त्योहार सभी लोग उत्साह से मना सकें। नगर में अनेक आयोजन जाए जाने तैयारियां की जा रही है।

## आरोपियों को 3 वर्ष का कारावास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अवैध बिजली कनेक्शन की जांच के दौरान बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को न्यायालय ने तीन-तीन वर्ष का कारावास और 2000-2000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। सजा सुनते ही एक आरोपित न्यायालय में ही बेहोश हो गया। शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्रसिंह राजपूत ने बताया कि फरियादी पेजन गंगेले सहायक प्रबंधक बिजली वितरण कम्पनी केन्द्र शमशाबाद ने थाने में शिकायत की थी कि ग्राम बलरामपुर में अवैध बिजली कनेक्शन की चेंकिग करने से रोका मारपीट कर रसीदी कट्टा, डोरी, मोबाइल छीन लिया। थाना शमशाबाद में धारा 394, 353, 332, 506 का प्रकरण दर्ज हुआ। संपूर्ण विवेचना कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया। अभियोजन सांक्षियों के बयान हुए, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज ने आरोपित प्रीतम, नेपाल, चन्द्रमोहन उर्फ चन्द्रपाल को तीन-तीन वर्ष का कारावास और जुर्माना से दंडित किया है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में लिए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व विधायक निशंक जैन की अध्यक्षता में पुराने मेला ग्राउंड स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक जैन ने कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं और नेताओं पर आस्था व्यक्त करते हुए कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेगी, उसके प्रति पूर्ण निष्ठा और विश्वास के साथ हम सभी पार्टी का कार्य करेंगें और कहा कि हम कार्यकर्ताओं कि पहचान कांग्रेस से है, विधानसभा चुनाव की तरह हम सभी गांव गांव और घर घर जाकर भाजपा द्वारा किये गए झूठे वादों और झूठी घोषणाओं की याद दिलाकर कांग्रेस के वचन पत्र की जानकारी देंगे और कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताने के लिए मतदाताओं से संपर्क करेंगे।

बैठक में अन्य वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता चुनाव से लेकर मतदान केंद्रों तक कड़ी मेहनत करके प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करनें की अपील करेंगे, साथ ही सभी कार्यकर्ता चुनाव की दिशा बदलने के लिए कार्य करेंगें। बैठक में पूर्व विधायक निशंक जैन, बहादुर सिंह दांगी, रवि तिवारी, आबिद हुसैन, विकास शर्मा, विद्या यादव, सत्यप्रकाश सेन, सुनील बाबू पिंगले, जगदीश व्यास, खिलान सिंह रघुवंशी, राजकुमार सेन, पृथ्वी सिंह रघुवंशी, अमित मेहता, सौरभ सहित अनेक वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने किया एवं आभार व्यक्त मंडलम अध्यक्ष बीडी शर्मा ने किया। बैठक में रामकिशन दुबे, अमित दुबे पट्टू, रामकुमार रघुवंशी, ओमकार दांगी, स्वतंत्र पाल यादव, लखन लोधी, विष्णुप्रसाद शर्मा, ओपी चौरसिया, महेंद्र कुमार जैन, विजय शर्मा, रवि यादव, पलाश जैन, अनिकेत डेरिया, ब्रजेश लोधी, आकाश राजपूत, मिथुन पालीवाल, अभिनव शर्मा, कुलदीप सिंह रघुवंशी, राजेश अहिरवार, खेमचंद मैना, सोनू यादव, संजय ठाकुर, रंधीर, साहिल जैन, अभय विश्वकर्मा, लकी सोनी, शेर सिंह कुशवाह, अभिषेक दीक्षित, नयनदीप शर्मा, महाराज सिंह यादव आदि मौजूद थे।

## साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का पच्चीसवां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी स्वच्छता के लिए श्रमदान दल द्वारा निरंतर चलाए जा रहे साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का रविवार को पच्चीसवां चरण संपन्न हुआ। साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम के पच्चीसवें चरण में श्रमदान दल के सदस्यों ने नदी के किनारे एवम प्रवाह क्षेत्र में धार्मिक रीति रिवाज एवम कर्मकांडो की आड़ में डाली गई विभिन्न प्रकार की पूजन हवन सामग्री, मूर्खता वश डाली गई प्लास्टिक सामग्री, तेल, पानी, साबुन, शैम्पू एवम गुटका, तंबाकू पाउच, मंडन के चबूतरे होने के बाबजूद कहीं भी बैठ कर उतरवाए गए बाल, टोना टोटका के चलते फेंके गए कपड़े एवं उक्त सामग्री का जल व हवा के साथ हुए रसायनिक परिवर्तन के परिणाम स्वरूप उपजी काई, जलकुंभी आदि को नदी के प्रवाह क्षेत्र से बाहर निकाला एवम एक स्थान पर एकत्रित किया गया। ताकि उक्त सामग्री के कारण और अधिक जल प्रदूषित न हो सके।

गौर करने वाली बात यह है कि गर्मी और सर्दी की परवाह किए बिना पिछले तीन सालों से भी अधिक समय से निरंतर नदी जल स्वच्छता एवम संरक्षण के लिए कार्यरत होने के बाबजूद लोगों स्वच्छता अभियान से किसी भी प्रकार की सीख नहीं ले रहे है। क्योंकि बिना किसी स्वार्थ के हर रविवार दल के सदस्य दो से तीन घंटे पसीना, समय और श्रम व्यय करके नदी एवं घाट किनारे को साफ करते हैं, लेकिन एक सप्ताह में स्थिति पुनः वैसी की वैसी हो जाती हैं। हर दिन बढते प्रदूषण के चलते निरंतर मौसम एवं ऋतुओ में परिवर्तन तो हम और आप देख ही रहे है परिणाम स्वरूप जहां मई माह में पेय जल संकट उत्पन्न होता था । पेयजल की यह किल्लत इस वर्ष अर्थात वर्ष 2024 में फरवरी माह के अंत आते आते उठ खड़ी हुई । पहले यह समस्या महानगरों में होती थी लेकिन वर्तमान परिवेश में इससे गांव भी अछूते नहीं रहे। मार्च माह से आसपास के गांवों में जल संकट दिखाई देने लगा है। इसलिए अब आवश्यक है कि यदि सुखद जीवन जीना है तो उसकी कल्पना बिना जल को संरक्षित किए बिना संभव नहीं है। पच्चीसवें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में हरगोविंद विश्वकर्मा, रोशन अहिरवार, प्रशांत पंथी,शानू अहिरवार, अजय गुप्ता, राकेश रघुवंशी, रुद्रांश सिंह, एवन सिंह विश्वकर्मा, नीरज साहू, अंशु शर्मा, प्रशांत शर्मा, दिनेश चौरसिया, अरनव रघुवंशी उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम मंदिर में मनाया फाग उत्सव

**गंजबासौदा।** शनिवार को खाटू श्याम मंदिर बाबा रामदेव मंदिर पर होली फाग उत्सव का कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें आशीष चंद्रवंशी लखनऊ एवं भावना भदोरिया ग्वालियर द्वारा प्रभु इच्छा तक भजन संध्या का आयोजन श्री श्याम सरकार म्यूजिक ग्रुप बेरसिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। फाग महोत्सव का होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होकर धर्मलाभ लिया।





## होली को ध्यान में रखकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च





**गंजबासौदा/त्योंदा।** होली के त्यौहार पर नगर में शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा के नेतृत्व में मोबाइल पुलिस, मोबाइल वाहनों से नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो देहात थाना, पचमा चौराहा, जस्तंम चौक होते हुए शहर के प्रमुख संवेदनशील क्षेत्रों से होकर निकाला गया। इस दौरान लोक सभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के संबंध में अनाउंसमेंट किया गया एवं शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में सिटी थाना संजीव चौकसे, देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया , यातायात प्रभारी आशीष राय सहित दोनों थानों का पुलिस बल मौजूद था। वहीं त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी द्वारा होलिका दहन स्थलों का मुआयना किया गया एवं लोगों को समझाएं दी गई कि गोबर के कंडे एवं घास फूस की ही होली जलाएं, जिससे किसी को हानि न पहुंचे एवं शराब पीकर उत्पात न मचाएं। इस दौरान त्योंदा पुलिस थाना स्टॉफ मौजूद था।

## 10 से 20 अप्रैल तक चलेगा नौलखी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# अयोध्या से उत्तर काशी, हरिद्धार के संतों तक पहुंचा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



तपस्वी सिद्ध संत साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज की संत सेवा की परंपरा का निर्वाहन करते हुए सरयू से लेकर गंगा की तलहटी में भजन कर रहे सिद्ध संतों को भी नौलखी आश्रम में 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण देकर उन्हें महोत्सव में आने के लिए आग्रह किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि सनातन धर्म में संतों की भी एक शोभा और गरिमा होती है। किसी भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उनकी उपस्थिति न केवल कार्यक्रम की गरिमा को प्रदान करती है, बल्कि विभिन्न तीर्थ क्षेत्र से आ रहे तपस्वी संतों के दर्शन और सत्संग से श्रद्धालु अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज द्वारा केवल संतों की सेवा के लिए स्टेशन क्षेत्र में नौलखी मंदिर की स्थापना की थी ताकि बेत्रवती घाट स्थित आश्रम तक पहुंचने में संतों को परेशानियां न हो। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज की संत सेवा की बदौलत आज भी भारत वर्ष के संत समाज में नौलखी का नाम श्रद्धा भाव से लिया जाता है। हर बार कुंभ मेले में भी नौलखी खालसा के नाम से मेला क्षेत्र में संत सेवा के लिए स्थान रिजर्व रखा जाता है। संतों की गरिमा को ध्यान में रखते हुए आश्रम से जुड़े हुए समिति के सदस्य विभिन्न तीर्थ क्षेत्र में निवास कर रहे संतों को स्वयं अपने हाथों से निमंत्रण देकर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए आग्रह कर रहे हैं।

नौलखी आश्रम से जुड़े पंडित विकास मिश्रा ने बताया कि नौलखी परंपरा से जुड़े हुए हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तर काशी बद्रीनाथ के समस्त संतों को नौलखी बिहारी बिहारणीजू एवं श्री जगन्नाथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सादर निमंत्रण उन्होंने स्वयं स्थान पर जाकर दिया है। हिमालय तीर्थ क्षेत्र के तपस्वी संत श्री श्री 108 महामंडलेश्वर अभिरामदास त्यागी सहित कई अन्य तपस्वी संतों को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के आग्रह के साथ आमंत्रित किया है। इसके अलावा अयोध्या, काशी, वृंदावन, चित्रकूट, उड़ीसा सहित दक्षिण भारत के तीर्थ क्षेत्र में निवासरत संतों को भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया है।

### अंबानगर चौराहा पर चलाया वाहन चैकिंग अभियान



**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा रविवार को अंबानगर चौराहा पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस सड़क हादसों में कमी लाने के लिये लगातार काम कर रही है। यातायात अमले ने अंबानगर चौराहा पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान 6 वाहन चालकों पर 3000 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं नगर के अलग अलग चौक, चौराहों जय स्तंभ चौक, पचमा बायपास पर पहुंचकर दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सौंदर्यीकरण में अनियमितताओं को उदयपुरवासी कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





उदयपुर में चल रहे सौंदर्य करण में भारी अनियमितताएं नजर आ रही हैं उदयपुर के शिव मंदिर पहुंच मार्ग पर जो पत्थर के गिट्टे लगाए गए हैं, उन्हें लगाए हुए अभी एक महीने का समय भी नहीं हो पाया है उसके पहले ही लगाए हुए पत्थर के गिट्टे निकलना शुरू हो गए हैं। ज्ञात हो कि उदयपुर के सौंदर्यकरण के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। जिसमें उदयपुर मंदिर पहुंच मार्ग का सुंदर, सौंदर्यकरण तथा पार्किंग एवं सुलभ शौचालय बनना था अभी केवल उदयपुर के शिव मंदिर पहुंच मार्ग पर पत्थर के गिट्टे लगाने का काम ही मात्रा हुआ है और वह काम भी घटिया गुणवत्ता से किया गया है जिसका उदयपुर के स्थानीय निवासी पुरजोर इसका विरोध कर रहे हैं। उदयपुर मंडल सचिन शर्मा ने बताया कि उदयपुर में जो पर्यटन विकास विभाग द्वारा सौंदर्यकरण का काम चल रहा है। इसमें बहुत सी अनियमिताएं देखने को नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की नजर भी इस घटिया निर्माण पर नहीं है। घटिया निर्माण की उच्च स्तर पर जांच होनी चाहिए और जो भी अधिकारी ठेकेदार इसमें लिप्त पाए जाते हैं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## पूजा-अर्चना के बाद किया होलिका दहन, अब उड़ रहे भाईचारे के रंग, उल्लास से सराबोर हो रहा नगर

# होली दहन में कच्ची बाली भून मांगी सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

होली पर्व की शुरुआत वास्तव में होलिका दहन से होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। पुराणों में होलिका दहन के सन्दर्भ में नारायण भक्त प्रह्लाद की कथा को वर्णित किया गया है। जिसमें बताया गया है कि कैसे अत्याचारी राजा हिरण्यकश्यपु ने पुत्र की हत्या के लिए षड्यंत्र रचा था, जो भगवान नारायण की कृपा से सफल नहीं हो पाया।

रविवार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन शुभ मुहूर्त में विधि विधान पूर्वक किया गया। होली जलने पर लोगों ने रोली चावल चढ़ाकर होली की सात पर अर्ध्य देकर परिक्रमा की। वही कई विभिन्न स्थानों पर मंत्रोचारण के साथ होली दहन किया गया। तो कई जगह होली के गीत के साथ होलिका दहन किया गया। इससे पूर्व दिन में महिलाओं ने विधि विधान के साथ होली का पूजन किया। होली सिर्फ रंगो का ही नहीं एकता, सदभाव एवं प्रेम का प्रतीक भी मानी जाती है। इस दिन कई लोग व्रत कर भगवान में अपनी आस्था मजबूत करते है। इसी के साथ बसंत के इस पर्व के बाद नए मौसम की शुरूआत होती है। जिससे खेत खलियान नई फसल के साथ लहराते है। होलिका दहन के बाद होलिका में लोग कच्ची बालियां भूनते है और प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत मानी जाती है। वही नगर के प्रसिद्ध देवाधिदेव मदनमोहन सरकार के दरबार मे विधि विधान पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 25 फिट ऊंची कंडों की होली सजाई गई थी। वहीं पंचकुईया स्थित हनुमान मंदिर परिषर में रात्रि 12 बजे के आसपास परांनुसार बंदूक की गोली से अग्नि प्रज्वलित कर होलिका का दहन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### होलिका दहन पूजा विधि व दहन की कथा का बताया महत्व

होलिका दहन के अवसर पर मदन मोहन सरकार के प्रधान पुजारी पंडित नवनीत शर्मा ने होलिका दहन पूजा की विधि व कथा का महत्व बताते हुए कहा कि होलिका दहन की पूजा में रोली, माला, अक्षत, गंध, पुष्प, धूप, गुड़, कच्चे सूत का धागा, बतासे, नारियल एवं पंच फल इत्यादि पूजा की सामग्री के रूप में एक थाली में रखे जाते हैं। इन सभी चीजों को होलिका दहन के समय होलिका के पास रखा जाता है। फिर श्रद्धा भाव से होलिका के चारों ओर 7 से 11 बार कच्चे सूत के धागे को लपेट दिया जाता है। होलिका दहन के बाद सभी सामग्रियों को एक-एक करके होलिका में आहुति दी जाती है और फिर जल से अर्घ्य प्रदान किया जाता है। इसके पश्चात होलिका दहन के बाद पंच फल और चीनी से बने खिलौने इत्यादी को आहूति के रूप में समर्पित करने का विधान है। वही उन्होने होलिका दहन कथा का महत्व बताते हुए, कहा कि किवदंतियों के अनुसार पृथ्वी पर हिरण्यकशिपु नामक एक राजा शासन करता था, जो भगवान विष्णु का सबसे बड़ा शत्रु माना जाता था। उसने अपने राज्य में सभी को यह आदेश किया था कि कोई भी ईश्वर की पूजा नहीं करेगा। लेकिन उसका पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। जब हिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र को भगवान की पूजा करते हुए देखा तो उससे सहा नहीं गया और अपने ही पुत्र को दंड देने की ठान ली। हिरण्यकशिपु ने प्रहलाद को कई बार कष्ट देना चाहा, लेकिन भगवान विष्णु ने हर समय प्रहलाद का साथ दिया। अंत में अत्याचारी राजा ने अपनी बहन होलिका से मदद मांगी। होलिका को यह वरदान था कि उसे अग्नि नहीं जला सकती है। इसलिए होलिका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश कर गई। लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से होलिका उस अग्नि में भस्म हो गई और प्रहलाद बच गया। तब से होलिका दहन पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

**रंग गुलाल लगाकर दी बधाई**

*होलिका दहन के साथ ही अब पांच दिवसीय रंगो के त्योहार की शुरूआज हो गई जो कि अब पांच दिनों तक नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगो। सोमवार को नगर में धुडेंरी खेली जाएगी। मुख्य बाजार में युवाओं की टोलियां जमकर रंग बरसाएगें। मंगलवार को भाईदूज पर नगर मे कलगी-तुर्रा निकाली जाएगी।*

## आदर्श सत्संग महिला मंडल का फागोत्सव



सिरोंज। नगर के प्राचीन गिरधारी जी मंदिर में आदर्श सत्संग महिला मंडल द्वारा फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्सव में पहुचें कथावचक पंडित हर्षित शास्त्री ने होलिका उत्सव से जुडी कथा का वाचन किया। इसके साथ ही उन्होने होली के संगीतमयी भजनों का गायन किया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर भजनों पर मनभावन नृत्य भी किया। इस दौरान श्रीकृष्ण और राधा के बाल स्वरूपों ने महारास का मंचन भी किया। उत्सव समापन अवसर पर महाप्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर बिंदू गर्ग, शोभा, उषा, मोहिनी, राधे, सपना, नीरू, रेखा, सीमा, विनिता, मीना, नीलम, उमा, राजेश्वरी, आशा, चंदा गर्ग सहित अनेको महिला मंडल की सदस्य मौजूद रही।

### नन्हें-मुन्ने बच्चों ने जमकर खेली होली, गुलाल उड़ाकर की मस्ती



सिरोंज। नगर के आरोन रोड स्थित संत सुधा सागर इंटरनेशल स्कूल में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। वही नन्हें-मुन्ने बच्चो ने शिक्षिकाओं के साथ जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और प्राकृतिक रंगों से होली खेली। सुबह बिना यूनीफार्म सादे कपड़ों में पहुंचे बच्चे एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों से सराबोर हो गए। स्कूल के प्रांगण में नृत्य,गेम, डांस, सेल्फी कार्नर पर बच्चों ने जमकर मस्ती की। होली के गीतों पर बच्चों ने डांस करते हुए खूब गुलाल उड़ाया। वही शिक्षको ने सभी छात्रों को तिलक लगाया एवं पुष्प वर्षा कर पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से केमिकल युक्त रंगों से बचते हुए हर्बल रंगों से होली खेलने और होली के नाम पर दूसरे को तंग न करने के निर्देश दिए।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार



**सिरोंज**। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जैन समाज के गौरव बुदेलखण्ड के कांग्रेस के स्तंभ प्रदीप जैन आदित्य के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा झांसी उत्तरप्रदेश में लोकसभा सांसद पद पर प्रत्याशी बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के महामंत्री एंव पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने प्रदीप जैन को प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### अभ्यर्थियों के नवीन बैंक खाते खोलने के संबंध में आदेश जारी

**सागर**। भारत निवार्चन आयोग के द्वारा मध्यप्रदेश लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिये कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। विभिन्न अभ्यर्थियो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के साथ निर्वाचन के लिये किये जाने वाले व्यय की जानकारी संधारण के लिए अलग से बैंक खाते की जानकारी दी जानी अनिवार्य है। अतः सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को अभ्यर्थियों के नवीन बैंक खाते खोलने के लिये निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें।

# करीला मेले की व्यवस्थाओं का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

## रंगपंचमी पर धाम करीला में लगेगा भव्य मेला, पहुंचेंगे लाखों श्रद्धालु, रंगीन लाईटों से नहाया मंदिर व मेला परिसर

### मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका रखा जाएगा विशेष ध्यान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रतिवर्ष रंगपंचमी के अवसर पर अशोकनगर-विदिशा जिले की सीमा पर स्थित मां जानकी धाम करीला में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस बार करीला में बड़े स्तर पर मेला लगना है। इसी संबंध में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य,एसपी दीपक कुमार शुक्ला सहित कई अधिकारी करीला पहुंचे और उन्होने वहां पर लगने वाले मेले के संबंध में तैयारियां कराने हेतू जायजा लिया।

#### पहले दर्शन किए उसके बाद ली बैठक

कलेक्टर एसपी धाम करीला पहुंचे जहां पर उन्होने मैया जानकी के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य व अशोकनगर के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें वाहन पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, लाईट, पानी, बिजली, चिकित्सा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। वहीं एसडीएम हर्षल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बामोरीशाला, दीपनाखेडा, पथरिया, कुरवाई वायपास सहित अन्य स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात किए जाएगें। इस दौरान ओवर लोडिंग यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और सघन चेकिंग कराई जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी,एसडीओपी उमेश तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

#### मुख्य चौराहों पर रहेंगे पुलिस जवान तैनात

करीला मेला की सुरक्षा के लिए करीला धाम जाने वाले रास्तो पर प्रत्येक चौराहो पर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। महिला पुलिस भी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगी। सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन को सुचारू बनाने के लिए बैरिकेडिंग व्यवस्था कराई जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं माता जानकी के दर्शन हेतु आवश्यक सुरक्षा के साथ सुविधाएं रहेंगी। जिनकी ड्यूटी लगाई जाएगी वह अधिकारी मेला में मौजूद रहेंगे। मेला परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा, पानी की शुद्धता की टेस्टिंग भी होगी तथा पहुंच मार्गों के अस्थाई पानी की टोटियां सहित टेंकरों की व्यवस्था की जा रही है। वही बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधा के लिए चौक चौराहो पर टेंटो में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहेंगी। साथ ही मौके पर एम्बूलेंस भी मौजूद रहेगी।



**बामोरीशाला में बनाया जाएगा कंट्रोल रूम**

*ग्राम बामोरीशाला के सरंपच दिलीप सिंह दांगी ने बताया कि बामोरीशाला से करीला माता मंदिर तक दो डायवर्सन मार्ग बनाए जा रहे है। वाहन पार्किंग की व्यवस्था बामोरीशाला पर ही की जाएगी। वही डीपी चौराहा पर कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। तिराहा पर ही अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जा रही है और श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था भी करवाई जाएगी। वहीं थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि ओवर लोडिंग वाहनों को रोकने के लिए जगह-जगह बरीकेट्स लगाए जाएगें।*

# विधायक कप टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई




युवा मोर्चा मेहलुआ चौराहा द्वारा 22 फरवरी से आयोजित विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे उपस्थित रहे। विधयाक हरि सिंह सप्रे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की दोनों टीमें बराबर है।

इस टूर्नामेंट में कोई नहीं हारा एक टीम विजेता है तो दूसरी टीम उपविजेता है। विधयाक ने विजेता टीम विशनपुर को प्रथम पुरस्कार तथा उप विजेता टीम लेटनी को द्वितीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया साथ ही बतया की हर वर्ष यह आयोजन इसी प्रकार जारी रहेगा एवं युवा मोर्चा मेहलुआ मण्डल अध्यक्ष दीपक तिवारी एवं उनकी सभी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम सिंह रघुवंशी हरि सिंह वजीराबाद देवेंद्र सिंह चौहान केशव सिंह बिशनपुर जनपद सदस्य लक्ष्मी शर्मा जनपद सदस्य विनोद बाबू जनपद सदस्य विनय लोधी लाखन सिंह करैया मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द दांगी जिला सह मीडिया प्रभारी वरुण चौबे मेहलुआ युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दीपक तिवारी महामंत्री कमलेश साहू संजीव रघुवंशी एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## गौरझामर में रंगों व पिचकारियों से सजी दुकानें



**गौरझामर**। होली के त्यौहार पर रंगों व पिचकारियों की अनेक दुकानें सज गई है। रंग गुलाल विक्रेताओं की माने तो होली के पर्व को देखते हुए नगर में करीब दो दर्जन दुकानें सजी है। दुकानों पर रंग व पिचकारियां बेचने का कार्य किया जा रहा है। बाजार में इन दिनों दुकानों पर एक से बढ़कर एक पिचकारियां सजी है। इन पिचकारियों को देखकर बच्चों में भी होली के पर्व के प्रति उत्साह दिखाई देने लगा है। बच्चे उत्साहित होकर बाजार में पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों की माने तो बाजार में इस बार दस रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक की पिचकारियां आ रही है। इनमें बच्चे ज्यादातर खिलौने की पिचकारियों को पसंद कर रहे हैं इन पिचकारियों में ज्यादातर डोरेमन, मिक्की माऊस, पानी के बैग वाली पिचकारी तथा सिलेंडर वाली पिचकारी बच्चों को ज्यादा आकर्षित कर रही है। इसके अलावा होली को लेकर अच्छी क्वालिटी के गुलाल 120 रुपए किलो से 140 रुपए किलो बाजार मे मिल रही हैं। होली को लेकर बाजार में विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी टोपियां, गुब्बारे, मास्क, आदि कई प्रकार की अन्य सामग्री भी मिल रही है।

# भाजपा के शक्ति केन्द्रों पर पहुंचे मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लोकसभा चुनाव की भाजपा की ओर से निरंतर चुनावी गतिविधियों एवं बैठकों का दौर जारी है। मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केन्द्र मगरधा, भारकच्छ खुर्द, डूमर पहुंच कर भाजपा के ग्रामीण कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। कहास कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक भारतीय का सम्मान बढ़ा है। मोटी जी द्वारा प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। जो लोगों के जीवन में संजीवनी सिद्ध हो रही है।

### बूथ मजबूत करने सक्रियता से काम करना है

मंत्री पटेल ने शक्तिकेन्द्र की बैठकों में कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को अपना बूथ मजबूत करने सक्रियता से काम करना है। योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करने उनके घर जाए और उनसे मोदी जी की राम राम कहें। मंत्री पटेल के साथ जिला रायमंत्री नेपाल सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह चोधरी जिला मंत्री योगेश पटैल, मण्डल अध्यक्ष रेवासिंह गोदर, घनश्याम सिंह रघुवंशी सहित भाजपा के कार्यकर्ता साथ रहे।



बरेली बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री पटेल।

# कलाकार गोविंद विश्वकर्मा की चित्रकारी को सराहा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद




संस्कृति मंत्रालय द्वारा अयोध्या धाम में आयोजित रामोत्सव के चलते अयोध्या में विभिन्न कलाओं से संबंधित कार्यक्रमों का दौर चल रहा हैं। जिसके चलते राज्य कला अकादमी व संस्कार भारती उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में 16 से 22 मार्च तक सात दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला शिविर का आयोजन हुआ जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों से कुल 51 कलाकारों का चयन हुआ। जिसमे सभी कलाकारों से दो पेंटिंग अपेक्षित थी।

शिविर में शमशाबाद (विदिशा) के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार गोविंद विश्वकर्मा का भी चयन हुआ था( शिविर में विषय राम के जीवन पर आधारित था। इस दौरान अपने द्वारा बनाये गई पेंटिंग के बारे में गोविंद ने बताया की रामायण के अनुसार कलयुग में हनुमान जी महाराज का सदैव निवास है और जो प्रभु श्री राम के परम भक्त है ,हनुमानजी को जब भी प्रभु श्री राम को देखना होता है वह अपने हृदय पर हाथ रख कर उनकी अनुभूति करते है, उसी कल्पना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेंटिंग बनाई। जिसके चलते उन्हें सम्मान राशि व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर सभी कलाकारों को शासन द्वारा विशेष रूप से राम जन्म भूमि मंदिर में रामलला के दर्शन भी कराए गए।इस उपलब्धि पर परिवार और सभी मित्र जनों ने बधाई दी।

## होली पर गरीब जरूरमंदों के बीच मिठाई भोजन वितरण

**बरेली**। पिछले 25 वर्षों से हिन्दी की सेवा प्रति वर्ष अ.भा. कवि सम्मेलन का आयोजन हिन्दी के प्रचार प्रसार में सक्रिय पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय एवं सामाजिक सरोकार सेवा कार्यों के माध्यम से से गरीबों जरूरतमंदों की मदद कर रही। श्री निराला साहित्यजन कल्याण समिति द्वारा होली पर गरीब बाहरी सड़कों पर किनारे निवास करने वाले परिवारों के बीच मिठाई भोजन के पैकेट वितरण कर उनके होली का बधाई दी। इस वर्ष निराला समिति द्वारा 29 मार्च को अ.भा. कवि सम्मेलन का रामलीला मैदान में आयोजन किया जा रहा है। सड़कों के किनारे डेरा डाल कर निवास करने वाले परिवारों को भोजन पैकेट मिठाई इत्यादि का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, संरक्षण सुरेश बिदुआ, अवधनारायण सक्सेना, कवि देवी जैन, प्रेमनारायण साहू, नरेश जैन, डीडी राय, मारूति द्विवेदी इत्यादि की उपस्थिति रही।



# आज उड़ेगा रंग-गुलाल, होली मिलन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आज सोमवार को नगर एवं क्षेत्र में रंग गुलाल खेला जाएगा। नाहर कालोनी स्थित प्रदेश के राय मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के निवास पर आज होली मिलन समारोह रखा गया है। इसी के साथ आने वाले 5 दिनों रंग पंचमी तक नगर एवं क्षेत्र में अनरय वाले परिवारों में जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ टीका लगाने की परंपरा बनी रहेगी।

होली का त्योहार आपसी भाईचारे मेल-जोल और साथ मिलकर रंग खेलने का पर्व है। बिना किसी भेदभाव ऊंच नीच का ध्यान रखे लोग एक दूसरे पर रंग डालने और तिलक लगाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त करते है। घरों घर होली पर गुझिया पपडिया मिठाईया बनाए जाने की परंपरा धीरे धीरे कम हो रही है। रेडीमेड मिठाईयों का चलन बढ़ता जा रहा है।

### राज्य मंत्री के निवास पर होगा होली मिलन

भाजपा के नरेन्द्र शिवाजी पटेल पहली बार विधानसभा का चुनाव लडे और भारी मतों से विधायक चुनने के साथ प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण मंत्री बने। राज्यमंत्री के पैतृक निवास नाहर कालोनी में आज होली मिलन समारोह का आयोजन होगा।

### दूज पर बुंदेलखण्डी समाज की होली

होली की दूज पर भाई बहिनों के अटूट संबंध पर टीका लगाने की परंपरा है। नर्मदा क्षेत्र भी बुंदेलखण्डी परंपराओं को आज भी निभा रहा है। नगर एवं क्षेत्र में निवास करने वाली बुंदेलखण्डी समाज के परिवारों द्वारा भाई दूज पर हरदौल मंदिर में एकत्रित होकर हरदारैल जी की विशेष पूजन कर साथ रंग खेलने और अनरय वाले परिवारों में पहुंचने की परंपरा है।

# इंजी प्रदीप तिवारी के पढ़ाए हुए दर्जनों छात्र बन चुके हैं डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंजीनियर प्रदीप तिवारी से कोचिंग लेकर नीट एक्जाम की तैयारी कर सफलता पूर्वक एमबीबीएस करने वाले छात्रों की संख्या का आंकड़ा 100 को पार कर चुका है। इंजीनियर प्रदीप तिवारी पिछले 22 वर्षों से नीट और जेईई जैसे एक्जाम के लिए विद्यार्थियों को तैयार कर रहे हैं। विदिशा शहर सहित जिलेभर के ऐसे विद्यार्थी जिनका सपना एमबीबीएस कर एक चिकित्सक बनने का है वे इंजीनियर प्रदीप तिवारी क्लासेस से फिजिक्स पढ़ने जरूर पहुंचते हैं।

फिजिक्स पढ़ाने में अपनी बारीक पकड़ बना चुके श्री तिवारी बताते हैं कि उनके द्वारा पढ़ाए हुए विद्यार्थी प्रदेशभर के शासकीय और नामी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस से लेकर पीजी डिग्री लेकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं सुपरस्पेशलिटी की डिग्रियां हासिल कर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने के मुकाम पर हैं। इस बार के परिणामों में छात्रा रिचा यादव ने नीट एक्जाम उत्तीर्ण कर सतना के शासकीय मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर एमबीबीएस कर रही है। वहीं प्राची चक्रवर्ती भोपाल के चिरायु मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रही है। इनके अलावा गौरव प्रजापति और मुस्कान अहिरवार को भी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिला है।



गौरव प्रजापति



मुस्कान अहिरवार



रिचा यादव

### पथरोटा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

# पिछले 4 माह में 15 मोटरसाइकिल चुराने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

पथरौटा पुलिस ने एक शातिर मोटर सायकिल चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 7,45000 रुपए की बाइक जब्त की है, जो उसने विभिन्न स्थानों से चुरायी थी। आरोपी का एक सहयोगी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। चोरों ने गोलनडोल के जंगल में पत्तों और पेड़ की टहनियों के बीच इनको छिपाकर रखा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रविवार को यहां एसडीओपी कार्यालय में मीडिया को दी जानकारी में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि थाना प्रभारी पथरोटा संजीव पवार 11 मुखी हनुमान मंदिर के पास एनएच 46 पर वाहन चैकिंग कर रहे थे कि एक व्यक्ति बिना नंबर को बाइक लिये तेजी से आता दिखा।

उसे रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रुका। बमुश्किल पुलिस स्टाफ ने उसे रोका। पूछने पर उसके पास वाहन का रजिस्ट्रेशन एवं ड्रायविंग लायसेंस नहीं मिला। उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजेश उर्फ राजा धुर्वे पिता दिलीप धुर्वे 22 वर्ष बताया। वह सदर गेंदा चौक बैतूल का रहने वाला है। उसने उसके पास की लाल काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल चोरी की होना बताया। इस दौरान इटारसी टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी मौजूद थे।

#### चार माह में चुरायी 15 मोटर सायकिल

आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने एक अन्य साथी गोविन्द तुमराम 35 वर्ष, निवासी ग्राम बांदरी के साथ चार माह में 15 मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया। एक नीले रंग की मोटर सायकिल गोविन्द तुमराम के पास है। शेष 13 में से 10 बाइक गोलनडोल के जंगल से बरामद की गई है तथा तीन मोटर सायकिल सहयोगी आरोपी गोविन्द के घर से बरामद की गई। इनमें से छह मोटर सायकिल जिला बैतूल से तथा शेष 9 मोटर सायकिल इटारसी शहर की विभिन्न जगह, रेलवे स्टेशन के पास, मैरिज गार्डन से चोरी की हैं।

#### ये मोटर सायकिल बरामद

सीडी डीलक्स एमपी 05, एमजी 2518, कीमत 50 हजार इटारसी से चुरायी। स्प्लेंडर एमपी 12, एमएफ 1032, कीमत 45 हजार, यामाहा एमपी 48, एमए 7826, कीमत 50 हजार दोनों बैतूल से, एचएफ डीलक्स एमपी 48, एमएल 6499, कीमत 50 हजार, मानक नगर बैतूल से, डिस्कव्हर डीएसवीबीएलएफ 13716, कीमत 40 हजार, इटारसी से, पैशन प्रो एमपी 05, एमके 2331, कीमत 60 हजार, बैतूल से, डीलक्स एमपी 20, एमएच 0267, कीमत 60 हजार और पैशन प्रो एमपी 05, एमएच 2630, कीमत 60 हजार, एचएफ डीलक्स एमपी 05, एमएम 8669, कीमत 55 हजार, पैशन प्रो एमपी 05, एमजी 6988, कीमत 60 हजार और एचएफ डीलक्स एमपी 05, एमडी 5021, 50 हजार, ये सभी इटारसी से, हीरो स्प्लेंडर एमपी 48 एमएन 5008, कीमत 50 हजार, पैशन प्रो एमपी 48 एमएफ 2268, कीमत 55 हजार बैतूल से और डिस्कव्हर एमपी 05, एमएच 4837, कीमत 60 हजार इटारसी से चुरायी थी।

#### इस टीम ने पकड़ा आरोपी

एसपी डॉ. गुरुकरन सिंह के निर्देशन में एएसपी आशुतोष मिश्रा और एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य भूमिका उपनिरीक्षक संजीव पवार थाना प्रभारी पथरोटा, एएसआई चंद्रशेखर पाराशर, कार्यवाहक एएसआई दुर्गेश मालवीय, प्रधान आरक्षक नर्मदाप्रसाद, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक विजय सातनकर, विनोद लिखितकर, धीरज राठौर, टीटू मर्सकोले, सियाराम तेकाम, कन्हैयालाल गौर, अभिषेक नरवरिया सायवर सेल नर्मदापुरम ने आरोपी की गिरफ्तारी और माल बरामदगी में विशेष सहयोग किया।

# पचमढ़ी में शहीद दिवस पर शहीदों की शहादत को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पचमढ़ी में शहीद दिवस पर शहीदों को 23 मार्च 1931 को आजादी की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारी भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। अंग्रेजों ने सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने पर उन्हें फांसी की सजा सुनाई और भारतीयों के आक्रोश के डर के कारण तय तारीख से एक दिन पहले गुपचुप तरीके से तीनों को फांसी पर लटका दिया। अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए शहीद दिवस मनाते हैं। इस दिन आजादी की लड़ाई में अपनी जान कुर्बान करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। संजय कोरी एवं प्रशांत सीहोते ने इन महान क्रांतिकारियों के बलिदान के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला भगत सिंह जी देश के युवाओं को जागृत करना और प्रेरणा देना चाहते थे की देश ही हमारे लिए सब कुछ है इसके लिए यदि प्राण भी न्यौछावर करना पड़े तो पीछे नहीं हटाना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। इंकलाब जिंदाबाद के नारों से पूरा पचमढ़ी नगर देशभक्ति मय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व सैनिक सूबेदार संजय कोरी,संदीप गुप्ता, रमेश त्रिपाठी, बंटी नागवंशी, पलक चौरसिया आदि का विशेष सहयोग रहा।पचमढ़ी के सभी पूर्व सैनिकों वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज सेवकों की उपस्थिति गरिमामई रही।

### चार पहिया वाहन में अज्ञात ने आग लगाई, मामला दर्ज

**इटारसी।** ओझा मोहल्ला में 22 एवं 23 मार्च के बीच अज्ञात ने एक व्यक्ति की बोलेरो पिकअप में आग लगा दी। शिकायत पर सिटी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवाम नगर निवासी अशफाक पिता सुल्तान खान 50 वर्ष ने शिकायत दर्ज करायी है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कोदू अहिरवार के घर के सामने ओझा मोहल्ला में उनकी बोलेरो पिकअप में आग लगा दी, जिससे उनको काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# पचमढ़ी में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना प्रभारी पचमढ़ी उमाशंकर यादव ने शांति समिति बैठक का आयोजन किया। शांति समिति बैठक में होली रंग पंचमी एवं ईद से संबंधित समितियां ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी ने सबको हिदायत दी की आने वाले त्योहार को शोहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए।मौजूदा समय में आचार्य संहिता भी लागू है जिसे देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा सभी को हिदायत दी गई।

# गुरूकुल में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थापित स्कूल में गुरुकुल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी एवं विशेष अतिथि विवेक महेश्वरी की उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा संचालित साल भर की गतिविधियों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा नाटक नृत्य प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के बाल अपराध के प्रति सजग जानकारी दी गई विवेक माहेश्वरी के द्वारा बच्चों के विकास और उनसे जाने वाली उम्मीद अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए ऐसा उद्बोधन दिया गया। संस्कार नाटक के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों के संबंध और विदेश में रह रहे बच्चों के कारण अकेले रह रहे अभिभावकों की समस्या को बहुत सुंदर रूप से प्रदर्शन किया गया स्कूल के संचालक राज राठी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ की गई कार्रवाई, आरोपी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत लंबे समय के बाद टावर मोहल्ले में ईरानी युवकों के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गाजा और अन्य सामग्रियों का विक्रय किया जाता है। लंबे समय के बाद लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एसडीओपी मोहित कुमार यादव स्टेशन रोड थाना प्रभारी विजय सनस के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए मुखबिर की सूचना पर गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम करने के लिए घर पकड़ अभियान चलाया गया।

जिसमें 23 मार्च की रात को मुखबिर की सूचना पर गली नंबर 6 टावर मोहल्ला में असद ईरानी उर्फ ईरानी पिता खान अली उम्र 30 वर्ष के कब्जे से करीब 4 किलो 205 ग्राम अवैध पदार्थ गांजाजप्त किया गया। पुलिस प्रशासन के अनुसार जिसकी बाजार कीमत 42 हजार रूपए बताई जा रही है। याद रहे कि वैसे तो शहर में सभी अपराध हो रहे हैं तो काफी सुधार हो सकेगा। यदि पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसी छोटी-छोटी कार्रवाई की जावेगी तो अपराधों में कमी आएगी क्योंकि इस शहर में चारों तरफ से बॉर्डर होने के कारण चारों तरफ से कई प्रकार के अपराधी आते हैं और शहर में लगभग सभी अपराध हो रहे हैं। पुलिस एसडीओपी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है उनके पर्सनल मोबाइल में यदि किसी ने दी जाती है तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की आएगी।

# रमजान महीना की रौनक से मस्जिदें हैं गुलज़ार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

रमजान का महीना जारी है और मुस्लिम समुदाय इबादत में लगा हुआ है। पचमढ़ी में भी माहे रमजान की रौनक देखी जा रही है। मस्जिदों में मगरिब की नमाज के बाद इफ्तार और सामूहिक भोजन के इंतजाम किए जा रहे हैं। इफ्तार में सभी मुस्लिम भाई एक साथ बैठकर इफ्तार और खाने का आनंद लेते हैं।रविवार शाम मुस्लिम समुदाय ने 13 रोजे पूरे किए हैं। तस्वीर पचमढ़ी स्थित मोहम्मदी मस्जिद की है जहां सभी रोज़दार एक साथ बैठकर खाना खा रहे हैं।

### वैश्य महासम्मेलन महिला पदाधिकारी ने मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई ने महेश्वरी मंदिर में भाग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें फाग गीत गए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया कार्यक्रम में अध्यक्ष राशिका डेरिया उपाध्यक्ष अंजू महेश्वरी किरण अग्रवाल स्वाति पत्नी राधिका खंडेलवाल रचना खंडेलवाल सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्यों ने मिलकर फाग उत्सव मनाया।

# वार्ड क्रमांक 8 में होली पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बंगलिया क्रिकेट क्लब द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में आयोजित दो दिवसीय बंगलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार रात 8 बजे हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने किया। उन्होंने बेटिंग और प्रीति बाबरिया ने वोलिंग कर मैच शुरू कराए। वार्डस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें 8 टीमों ने अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का प्रारंभिक मैच वार्ड की अंडर 12 टीमों के मध्य हुआ। इस मैच में पत्रकार राजकुमार बाबरिया और आयोजन समिति प्रमुख राकेश बाबरिया ने टॉस कराया। इस अवसर पर कमलेश बाबरिया, दिलीप बाबरिया, बिट्टू पासी, रामदुलारे बोरासी, हीरा बाबरिया, आरती बाबरिया, अजय बाबरिया, देव, दैविक, नकुल, सोमू, सहदेव सहित अन्य मौजूद थे।

#### इन टीमों के बीच हुए मुकाबले

प्रतियोगिता में पहले दिन 8 मैच खेले गए, जिसमें फाइटर स्टार और लक्ष्य क्लव, भारतीय क्लव और रॉयल क्लव, कमांडो फिजिकल और एस एस क्लव, महाकाल-11 और एमपी-11, बीसीसी क्लव और बगीचा-11, गैलेक्सी-11 और रॉयल चॉकलेट, एन एस फाइटर और पासी क्लव के मध्य खेला गया।

#### इनको मिली जीत

पहले दिन खेले गए मैचों में किसी को कड़ा मुकाबला करना पड़ा तो किसी ने आसानी से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। जिन टीमों ने मैच जीते उनमें बीसीसी क्लव, लक्ष्य क्लव, रॉयल क्लव, कमांडो क्लव, एमपी-11, गैलेक्सी-11, यूनिवर्सल क्लव और एन एस फाइटर क्लव शामिल है।

# नवागत पुलिस चौकी प्रभारी ने पकड़ी अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्राली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नवागत चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया के कुशल नेतृत्व से खनन माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। चौकी प्रभारी ने स्थानीय पुलिस चौकी का पदभार ग्रहण करने के साथ ही अपने चौकी क्षेत्र में रात दिन निरंतर गश्त के दौरान अवैध रूप से चल रहे रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ने में सफलता हासिल की है। शनिवार को राहुल पिता हरिराम कीर से अवैध रूप से रेत का परिवहन करने जा रही सोनालिका ट्रैक्टर को पकड़ा है। वहीं रविवार को राकेश पिता मोतीराम निवासी झालौन को रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए स्वराज ट्रैक्टर एवं भरी ट्राली के साथ रिटाल खापा पुल के पास से पकड़ा। दोनों प्रकरण में सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 एवं भारतीय दंड विधान की धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई कर ट्रैक्टर ट्राली जप्त किए।

### फूलों व प्राकृतिक रंगों से मनाया फाग उत्सव

# फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से: पंडित सचिन द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति, जिला संस्कार मंच और पिपलेश्वर महादेव समिति सहित अन्य संगठनों के तत्वाधान में आठ दिवसीय फाग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उज्जैन के शनि मंदिर के पुजारी पंडित सचिन द्विवेदी सहित अन्य फाग गायकों के द्वारा फाग का गायन किया। इस मौके पर पंडित श्री द्विवेदी ने फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से, रंग मत डारे रे सांवरिया म्हारो गुजर मारे रे, आज ब्रज ने होली र रसिया जैसे भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष निशा सिंह ने बताया कि हर साल आश्रम में होली के पावन अवसर पर आठ दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं के अलावा अन्य के द्वारा लगातार आठ दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके पहले दिन केन्द्र के प्रभारी नटवर सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को फाग महोत्सव की शुरूआत की गई थी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पिपलेश्वर समिति की ओर से एलएन सेन, राधेश्याम मकवाना, अशोक सोनी, जिला संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा आदि ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों के साथ फाग उत्सव मनाया गया। इस मौके पर पर्यावरण हितैषी रंगों और फूलों से पुग गीत, होली नृत्य के मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गई। मंच के संयोजक श्री दीक्षित ने बताया कि भारतीय संस्कृति में फाग महोत्सव का बड़ा स्थान होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार होली अपने आप में एक बड़ा त्यौहार है जो एक दूसरे को जोड़कर चलती है। हमारे पूर्वज और हम सभी होली के त्यौहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

हमारे क्षेत्र का सौभाग्य है कि गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा जो महादेव की होली का आह्वान किया है। इसके अंतर्गत आगामी 26 मार्च को शहर में उत्साह के साथ महादेव की होली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर ही देश के कोने-कोने से श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। पहले देश में बरसाने की होली का महत्व था, लेकिन अब महादेव की पवित्र होली का भी उतना ही महत्व हो गया है। इस दिन श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान शिव सहित मंदिर में यह उत्साह मनाया जाता है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है। हितग्राही और आवेदक को अपने बैंक खाता नंबर आधार से लिंक कराने और खाता डीबीटी सक्रिय कराने के लिए जागरूक करें।